हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 16 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम .26 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

4 धान के अवैध भंडारण व परिवहन पर सख्त कार्रवाई जारी रहे : कलेक्टर





## खबर संक्षेप

### दो लैंडमाइन विस्फोट में कोबरा के दो जवान घायल

**बिसरा।** सुंदरगढ़ जिले के बिश्रा ब्लॉक से झारखंड सीमा की ओर मात्र 30 किलोमीटर दूर स्थित झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के सरंडा जंगल में नक्सलियों ने एक बार फिर सुरक्षा बलों को निशाना बनाया है। सरंडा के छोटानागरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बालिबा गांव के समीप चलाए जा रहे सर्च ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों द्वारा पहले से बिछाए गए दो लैंडमाइन में विस्फोट हो गया। इस घटना में कोबरा बटालियन के दो जवान घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसारए पहले विस्फोट में कोबरा 209 बटालियन के जवान अलेख दास घायल हुए। इसके लगभग 30 मिनट बाद उसी इलाके में हुए दूसरे विस्फोट में उसी बटालियन के जवान नारायण दास घायल हो गए। दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची एयरलिफ्ट किया गया है। इसकी पुष्टि पश्चिमी सिंहभूम के पुलिस अधीक्षक अमित रेणु ने की है। घटना के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने पूरे क्षेत्र में सतर्कता बढ़ा दी है। अतिरिक्त बलों की तैनाती के साथ सरंडा के घने जंगलों में सर्च ऑपरेशन और तेज कर दिया गया है।

### विधायक ने बस्तियों में लगवाई सोलर लाइट

**राउरकेला।** रघुनाथपाली विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत इस्पात शहर क्षेत्र की कई पुरानी बस्तियों में लंबे समय से सड़क प्रकाश व्यवस्था के अभाव के कारण स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। अंधेरे रास्तों के चलते दुर्घटनाओं और असुरक्षा की आशंका बनी रहती थी। इस समस्या के समाधान के लिए हाल ही में विभिन्न बस्तियों के निवासियों ने विधायक से मुलाकात कर अपनी पीड़ा साझा की थी। जनसमस्याओं को गंभीरता से लेते हुए विधायक ने राउरकेला इस्पात संयंत्र के संबंधित विभागीय अधिकारियों से प्रत्यक्ष चर्चा की और इस्पात शहर क्षेत्र की बस्तियों में सड़क प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने का सुझाव दिया।

### कुष्ठ रोग की पीड़ा में भी 30 वर्षों की संगत बनी

**राउरकेला।** कुष्ठ रोग एक ऐसा अभिशाप जो आज भी समाज के एक हिस्से में डरए अज्ञान और तिरस्कार का कारण बना हुआ है। इसी रोग ने सेक्टर.6, राउरकेला में रहने वाले वृद्ध दंपती पंचानन साह और रंग साहु को परिवार और समाज से अलग-थलग कर दिया। जीवन की संध्या में जब सहारे की सबसे अधिक जरूरत होती हैए तब यह दंपती असहाय अवश्य है, लेकिन तीन दशकों की आपसी संगत आज भी उन्हें जीने की प्रेरणा दे रही है। कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण पंचानन साह दसवीं कक्षा के बाद पढ़ाई जारी नहीं रख सके। जीविका की तलाश में उन्होंने बलांगीर स्थित उपभोक्ता सहकारी समिति में काम शुरू किया। जीवन पटरी पर थाए लेकिन अचानक कुष्ठ रोग ने दस्तक दी। बीमारी के कारण वे काम करने में अक्षम हो गए और मजबूरी में नौकरी छोड़कर घर लौटना पड़ा। दुर्भाग्य यहीं नहीं रुका। कुछ समय बाद उनकी पत्नी रंग साहु भी कुष्ठ रोग की शिकार हो गईं।

### हाथियों ने किसानों की फसल को भी पहुंचाया नुकसान

# दो दंतैल ने पांच मकानों को तोड़ा

हरिभूमि न्यूज >> रायगढ

जिले में बीती रात हाथी ने पांच ग्रामीणों के मकान को तोड़ दिया। इस दौरान हाथी ने चावल को खाते हुए फसल को भी नुकसान पहुंचाया। इस मामले की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर नुकसान के आंकलन में जुट गई है। वन विभाग की टीम लगातार पेट्रोलिंग करते हुए हाथियों के दल की निगरानी करते हुए प्रभावित गांव के ग्रामीणों को सावधानी बरतने अपील भी कर रही है।

जानकारी के अनुसार धरमजयगढ़ वन मंडल के अंतर्गत आने वाले आमगांव बीट में विचरण कर रहे एक दंतैल हाथी ने बीती रात साधुलाल बिरहोर के मकान को तोड़कर चावल खाया और मानकी बिरहोर के दीवार को दिया। ठीक इसी तरह रैरूमा में 20 हाथियों का दल भी विचरण कर रहा है। वहीं दूसरी तरफ एक अन्य हाथी ने बीती रात प्रकाश कुजूर के कच्चे मकान के अलावा लुकस एक्का के भी कच्चा मकान को तोड़ा है, साथ ही चरण साय खलखो के दरवाजे को हाथी ने तोड़ दिया है। इतना ही नहीं हाथी ने एक किसान के राहड़ की फसल को भी नुकसान पहुंचाया है। मामले की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर नुकसान के आंकलन करते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है।



### बाकारूमा रेंज के रैरूमा में 20 हाथियों की मौजूदगी

बाकारूमा रेंज के रैरूमा में 20 हाथियों की मौजूदगी को देखते हुए वन विभाग की टीम पूरी तरह अलर्ट है और लगातार हाथियों के दल पर निगरानी रखी जा रही है। शाम के समय हाथी प्रभावित आसपास के गांव में मुनादी कराई जा रही है। इसके अलावा रात में गांव.गांव पेट्रोलिंग करते हुए लोगों को सावधानी बरतने अपील की जा रही है। रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ वन मंडल में जहां 38 हाथी तो रायगढ़ वन मंडल में 46 हाथी को मिलाकर कुल 84 हाथी अलग-अलग दल में विचरण कर रहे है। हाथियों के इस दल में 30 नर, 33 मादा के अलावा 21 शावक शामिल हैं।

# टोकन नहीं मिलने से किसान परेशान, धान डंप

हरिभूमि न्यूज >> रायगढ़

टोकन और खरीदी लिमिट ने किसानों की परेशानी बढ़ा दी है। हालात यह है कि गांव की गलियों में किसानों की साल भर का मेहनत बिखरा पड़ा है। गांव में जगह-जगह धान डंप करके रखे हैं। इस तरह के नजारे हर गांव की गलियों में नजर आ रही है। किसान अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। किसी को 10 तो किसी किसान को 15 दिन बाद का समय मिला है। तब तक गांव के हर घर के बाहर धान डंप रहेगा।

दरअसल धान कटाई लगभग खत्म हो चुकी है। गिने चुने किसानों के ही खेत में धान की फसल खड़ी है। जहां फसल खड़ी है वहां खेत में नमी ज्यादा है। इसके कारण हार्वेस्टर खेत अंदर जा नहीं पा रही है। ऐसे किसान खेत सूखने का इंतजार कर रहे हैं। हालांकि अधिकांश किसानों ने कटाई पूरी कर ली है, लेकिन बिक्री करने में दिक्कत हो रही है। इसका कारण न तो समय पर टोकन कट रहा है और न ही खरीदी केंद्रों में उतनी लिमिट है। लिमिट की वजह से ज्यादा किसानों की धान एक ही समय में बिक्री नहीं हो पा रही है। नंबर तो किसानों की लगी है, लेकिन किसी को 10 तो किसी को 15 दिन का समय दिया गया है। इसके कारण दिक्कत हो रही है।



### घरों में रखने का जगह नहीं

अभी के समय में किसान हार्वेस्टर से धान कटाई करा रहे हैं। याने दो चार दिन में धान कटाई पूरी हो जा रही है। ऐसे हालात में खेत का धान एक साथ घर तक पहुंच जा रही है। उसकी सफाई और सुखाने में कुछ समय लगता है। सफाई और सूखने के बाद उसे मंडी ले जाना है। यह प्रक्रिया पूरी तो हो जा रही हैए लेकिन उपार्जन केंद्रों में नम्बर नहीं लग रहा है। ऐसे में किसान घर के बाहर जमीन पर ही सारे धान इकट्ठा करके रखे हैं। जब तक उनकी बारी आएगी नहीं तब तक उनको बोरी नहीं नहीं मिलेगी। इसलिए खुले में धान को रखा गया है। दूसरी ओर कब नंबर आएगी इसकी भी कोई गारंटी नहीं है। ऐसे में किसानों की परेशानी बढ़ गई है।

**एक बार एक टोकन में धान बिक्री -** करने के बाद दोबारा के लिए 15 दिन का इंतजार करना पड़ता है। छोटे और मध्यम किसान तो एक ही टोकन में धान बिक्री कर लेते हैं लेकिन बड़े किसानों को ज्यादा दिक्कत हो रही है। चूंकि एक साथ सभी किसानों की धान कटाई पूरी हो गई है। ऐसे में सबको बिक्री भी एक साथ ही करना है, लेकिन टोकन नहीं कटता। इसलिए किसान अपनी धान घर के बाहर इकट्ठा करके रखे रहते हैं।

# किसान ने खरीदा एक बोरी यूरिया और बिल मिला 20 बोरी का

हरिभूमि न्यूज >> रायगढ़



सरकारी योजनाओं के तहत किसानों को राहत देने के लिए बनाए गए खाद वितरण और सब्सिडी सिस्टम पर अब गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। मौहपाली के एक किसान के फोन पर आए एक मैसेज ने पूरे सिस्टम की पारदर्शिता पर सवालिया निशान लगा दिया है। मौहापाली के एक किसान नें खाद वितरण केन्द्र से यूरिया का एक बोरी खरीदा और बिल के समय किसान के मोबाइल पर मैसेज के जरिए 20 बोरी यूरिया का बिल आया। जब किसान नें इसका जवाब वितरण केन्द्र से जानना चाहा तो वहां से उसे कोई संतोषप्रद जवाब नहीं मिला।

दरअसल ग्राम मौहापाली के किसान भरत पटेल ने खाद वितरण के केन्द्र से एक बोरी यूरिया की खरीदी की। उन्होंने आधार कार्ड के माध्यम से अंगूठा लगाकर सिर्फ़ एक बोरी नीम कोटेड यूरिया खरीदी थी, लेकिन इसके बाद उनके मोबाइल पर जो सरकारी मैसेज आया वह चौंकाने वाला था। मैसेज के अनुसार किसान के नाम पर 20 बोरी नीम कोटेड यूरिया (45 किलो) और 14 बोरी एमओपी (50 किलो) की खरीद दर्ज की गई है। इस खरीद का कुल बिल 26,810 बताया गया है, जबकि सरकार द्वारा किसान के नाम पर 33,993.60 की सब्सिडी दर्शाई गई है। किसान भरत पटेल ने कहा कि उन्होंने सिर्फ़ एक बोरी खरीदी, तो सिस्टम में 34 बोरियों की एंट्री कैसे हो गई? क्या यह आधार बायोमेट्रिक सिस्टम का दुरुपयोग है या फिर खाद विक्रेता द्वारा फर्जी एंट्री कर सरकारी सब्सिडी हड़पने का मामला? किसान का कहना है कि उसे इस तरह की किसी भी बड़ी खरीद की जानकारी नहीं है और न ही इतनी मात्रा में खाद उसे दी गई। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि किसानों के नाम पर कागज़ों में ज्यादा खाद दिखाकर सरकारी सब्सिडी का गलत लाभ उठाया जा रहा है। वहीं गांव के लोगो नें बताया कि यह मामला सिर्फ़ एक किसान का नहीं, बल्कि पूरे खाद वितरण तंत्र की सच्चाई उजागर करता है। किसान को मिले अधिक बिल का जवाब जानने के लिए जब केन्द्र के वितरक से संपर्क किया गया तो उन्होंने खुद को बाहर होना और इसकी जानकारी नहीं होना बताया।

# बढ़ते प्रदूषण को लेकर युवा कांग्रेस ने घेरा कलेक्टोरेट

**रायगढ़।** जिले में लगातार बढ़ते औद्योगिक, वायु, जल व ध्वनि प्रदूषण को लेकर युवा कांग्रेस ने सोमवार को कलेक्टोरेट का घेराव कर दिया। वहीं नारेबाजी करते हुए कलेक्टर को राष्ट्रपति व भारत के मुख्य न्यायाधीश के नाम से ज्ञापन सौंपा है।



ज्ञापन के माध्यम से जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष आशीष जायसवाल ने बताया कि उद्योगों, कोयला परिवहन, ताप विद्युत संयंत्रों और खनन गतिविधियों के कारण जिला गंभीर प्रदूषण की चपेट में आ चुका है। प्रदूषण की वजह से जिले के लोगों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना कर रहे हैं। जिले की वायु गुणवत्ता लगातार खराब हो रही है, जिससे दमा, सांस, त्वचा, आंखों में जलन और हृदय से जुड़ी बीमारियों में वृध्दि हो रही है। रायगढ़ जिला वर्तमान में विभिन्न प्रकार के प्रदूषण से जूझ रहा है। कोयला परिवहन, भारी वाहनों की अनियंत्रित आवाजाही, खुले में फ्लाईऐश का भंडारण, वनों की कटाई और नदियों व जलस्रोतों में औद्योगिक अपशिष्टों का निर्वहन, इन सभी कारणों से आम जनजीवन के स्वास्थ्य के साथ-साथ पर्यावरण और जैव विविधता पर भी गहरा असर पड़ रहा है। जिले में खदानों के विरोध में जनता अपने जल, जंगल और जमीन को बचाने के लिए लगातार सड़कों पर उतरकर संघर्ष कर रही है। इसके बावजूद, सरकार पर इसका कोई खास असर नहीं दिख रहा है। युवा कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि सरकार द्वारा उद्योगपतियों को फर्जी तरीके से सहयोग किया जा रहा है।

युवा कांग्रेस के द्वारा ज्ञापन के माध्यम से सीजेआई और राष्ट्रपति से 5 बिंदुओं के द्वारा कार्रवाई करनें की मांग की गई। जिले में संचालित सभी उद्योगों की नियमित पर्यावरणीय जांच कर प्रदूषण नियंत्रण मानकों का सख्ती से पालन कराया जाए। जिले में उद्योगों के अनियंत्रित विस्तार पर तत्काल रोक लगाई जाए। वायु गुणवत्ता की निगरानी के लिए पर्याप्त संख्या में एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग स्टेशन स्थापित किए जाएं।

# रेत में खेलते हुए ट्रैक्टर की चपेट में आई 5 वर्षीय बच्ची, मौके पर ही मौत

**रायगढ़।** घर के बाहर बालू में खेलते हुए एक बच्ची ट्रैक्टर की चपेट में आ गई जिससे बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। पूरा मामला लैलूंगा के ग्राम जमुना का है। जहां सोमवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आने से 5 वर्षीय मासूम बच्ची की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस हादसे के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।



जानकारी के अनुसार मृत बच्ची के पिता का नाम उग्रसेन चौहान निवासी ग्राम जमुना बताया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार मासूम बच्ची अपने घर के पास बालू में खेल रही थी तभी ट्रैक्टर-ट्रॉली जिसका क्रमांक CG 13 BA 2464 है, अनियंत्रित होकर बच्ची को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे बच्ची की मौके पर मौत हो गई घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई और देखते ही देखते मातम का माहौल बन गया। इस दिल दहला देने वाली घटना की वजह से ग्रामीणों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही लैलूंगा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक पंचनामा कार्रवाई की। इसके बाद शव को एम्बुलेंस के माध्यम से लैलूंगा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। लैलूंगा पुलिस ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक के संबंध में पूछताछ करते हुए अपनी कार्रवाई में जुटी हुई है।

### रासेयो के शताब्दी वर्ष पर विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन

# अपने राष्ट्र के लिए हमेशा रहना होगा सजग

हरिभूमि न्यूज >> सक्ती

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर शक्ति नगर के हृदय स्थल पर विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता भागवत आचार्य राजेंद्र महाराज एवं मुख्य वक्ता लक्ष्मी नारायण सोनी विभाग सह कार्यवाह कोरबा, तुलसी बहन प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शक्ति द्वारा भगवान श्री राम की मूर्ति एवं भारत माता के समक्ष दीप प्रज्वलन पूजन के साथ शुभारंभ किया गया।



सर्वप्रथम तुलसी बहन ने कहा कि हिंदुत्व एक जीवन पद्धतिहै। ईश्वर के प्रति आस्था और सनातन मार्ग पर चलने की प्रेरणा हिंदुत्व जीवन पद्धति ही सिखाती है भारत हिंदुत्व और सनातन से ओतप्रोत राष्ट्र है। इसलिए प्रत्येक देशवासी को अपने हिंदुत्व जीवन पद्धति को साकार करते हुए राष्ट्र के प्रति समर्पण और सेवा का भाव अनिवार्य हो। भागवताचार्य राजेंद्र महाराज ने अपने उद्बोधन में कहा कि हिंदू सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समाज और राष्ट्र के प्रति जागरण खड़ा करना है और समाज के लोगों को यह बताना कि हम सब हिंदू ही हैं भले ही हम किसी भी पंथ के मानने वाले और किसी भी संप्रदाय की क्यों ना हो किंतु हमारी पहचान हिंदू के रूप में ही है। आचार्य ने कहा कि हमें उठाना होगा जागना होगा और अपने राष्ट्र के लिए हमेशा सजग रहना होगा क्योंकि प्रत्येक नागरिक भी इस राष्ट्र का सजग पर प्रहरी है। इसलिए राष्ट्र गौरव को बढ़ाना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। सम्मेलन के मुख्य वक्ता लक्ष्मी नारायण सोनी ने कहा कि भारत के गौरवशाली इतिहास को जानने के लिए इतिहास का छात्र होना जरूरी नहीं है, हमारे देश के स्वर्णिम इतिहास से हमें अपने देश के प्रति जिम्मेदार नागरिक होने का तथा अपने कर्तव्यों के प्रति सजग होने का ध्यान आता है। आभार नगर संघ चालक कुशराम वर्मा ने किया। सम्मेलन में पूर्व मंत्री मेधा राम साहू, डॉ खिलावन साहू, श्रीमती विद्या सिदार, श्रीमती रीता पटेल, श्रीमती अनीता सिंह, अनूप अग्रवाल, दीपक कुमार गुप्ता, रमेश कुमार अग्रवाल, बजरंग अग्रवाल डमरू धार देवांगन, ओमप्रकाश राठौर, मनोज गबेल, गोविंद देवांगन, अमर दास मानिकपुरी एवं नागरिक उपस्थित रहे।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 812. कु. रुचिका शर्मा पिता\पति निरिश कुमार शर्मा पता- मेकाहारा रायपुर, 813. दीपक बावने पिता\पति श्याम बावने पता- प्रोफेसर कॉलोनी रायपुर, 814. पल्लवी सिन्हा पिता\पति योगेश सिन्हा पता- कुशालपुर रायपुर, 815. कौशल्या तिवारी पिता\पति स्व.श्री रामेश्वर प्रसाद तिवारी पता- आमापारा रायपुर, 816. सरिता पाल पिता\पति बिरबल पाल पता- संतोषी नगर रायपुर, 817. आरव रात्रे पिता\पति रामेश्वर रात्रे पता- सड्डू रायपुर, 818. ब्यास नारायण वर्मा पिता\पति स्व.राम लाल वर्मा पता- चंगोरा भाटा रायपुर, 819. अराफत खान पिता\पति अफसर खान पता- देवी सरस्वती नर्सिंग होम बीएसयूपी सद्दू कॉलोनी, 820. अनामिका देवांगन पिता\पति पोषण कुमार देवांगन पता- संतोषी नगर प्रगति विहार कॉलोनी टिकरापारा, 821. राजेश कुमार यादव पिता\पति स्व. श्याम कुमार यादव पता- मठपारा गणेश चौक रायपुर, 822. मनोरमा तारक पिता\पति ग्वाल तारक पता- तर्रा सुरसाबांधा, 823. परमेश्वर साहू पिता\पति गया राम साहू पता- रांकाडीह, 824. संगीता नागदेव पिता\पति प्रीतम दास पता- नयापारा वार्ड न.32 बजरंग चौक धमतरी, 825. रमेश कुमार दासरवार पिता\पति शंकर स्वामी दासरवार पता- श्री नगर राधा स्वामी सत्संग रुद्री, 826. कांति साहू पिता\पति मान दास साहू पता- लक्ष्मी नगर, 827. अशोक राजपूत पिता\पति ताराचंद राजपूत पता- डोंगरगांव, 828. दिग्विजय कुमार नेताम पिता\पति शिव लाल नेताम पता- ग्राम काफामार पोस्ट गेंदाटोला तह. छुरिया, 829. वर्षाजली श्रीवास्तव पिता\पति देवेन्द्र श्रीवास्तव पता- जगदलपुर, 830. चन्द्रप्रभा कनौजे पिता\पति सीता राम कनौजे पता- महासमुंद, 831. विजय कुमार देवांगन पिता\पति खोरबाहरा देवांगन पता- सिचाई कॉलोनी कवर्धा, 832. लक्ष्मी चन्द्र पिता\पति स्व.छत्रपाल चंद्रा पता-LIG-11 H.B कॉलोनी जोराताल, 833. विनोद कुमार वर्मा पिता\पति केदार नाथ वर्मा पता- प्रगति विहार पंचशील नगर बलौदाबाजार, 834. वंशिका साहू पिता\पति डिशेन कुमार साहू पता- ग्राम भैसा जिला रायपुर, 835. सुषमा साहू पिता\पति विनोद कुमार साहू पता- रिसदा, 836. शैलेन्द्र यादव पिता\पति भोला राम यादव पता- एस.पी.अस्पताल वार्ड कोंडागांव, 837. युवराज कुमार देवांगन पिता\पति हृदय लाल देवांगन पता- प्लाट न.- 65 श्याम नगर अटल आवास के पास भिलाई, 838. मेधांश पिता\पति अनिल गंगभोज पता- वार्ड न.-01 बनगांव पंचायत समिति, 839. दामिनी साहू पिता\पति नरेन्द्र कुमार साहू पता- CONTRACTORE कॉलोनी सुपेला भिलाई, 840. अश्वनी एवस जोगे पिता\पति श्याम राव जोगे पता- 608 वार्ड 6 सिधिया नगर दुर्ग, 841. रेणुका देवांगन पिता\पति दुलेश देवांगन पता- निकुम भिलाई दुर्ग, 842. सुषमा कुर्वे पिता\पति रमेश कुर्वे पता- S.I.F कॉलोनी L.I.G 35 बघेरा दुर्ग, 843. नारायण प्रसाद देशमुख पिता\पति एमन कुमार देशमुख पता- बमलेश्वरी कॉलोनी बोरसी, 844. शकुन पाण्डेय पिता\पति अश्वनी पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 845. श्रवण कुमार अन्सारे पिता\पति चंद्रभान पता- 77 रामनगर सुपेला भिलाई, 846. शुभांगी देवांगन पिता\पति सतीश देवांगन पता- सड़क न.- 01 कसारीडीह दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण-** 847. तुरवी चौहान पिता/पति धनेश्वर लाल चौहान पता- कोरबा, 848. भव्या साहू पिता/पति बुधेशवर साहू पता- रायपुरा जंजगीर बालको, 849. उमेश तंबोली पिता/पति इंद्रा मार्केट पोड़िमार बालको, 850. काव्या कंवर पिता/पति सुशील कुमार पता- बालको, 851. लेविना साहू पिता/पति युगल किशोर साहू पता- धरदाई, 852. कल्पना गयाकवारड़ पिता/पति अमृत मोंडे पता- कोरबा, 853. पुष्पा यादव पिता/पति डोरी लाल यादव पता- मदरपारा, 854. कृतार्थ यादव पिता/पति दिलीप यादव पता- कोरबा, 855. चाहत दास पिता/पति निर्मल दास पता- बालको नगर, 856. ज्योति बरेठ पिता/पति यादव मोहला करिती पता- बालको, 857. आध्या श्रीवास पिता/पति नागेंद्र श्रीवास पता- निहारिका एल.ई.जी.-142, 858. विकास साहू पिता/पति फिरत राम साहू पता- संजय नगर गुप्ता गली कोरबा, 859. वीरेंद्र कुमार कुर्रे पिता/पति श्याम लाल कुर्रे पता- धमना मुड़ी, 860. गौतम पांडे पिता/पति चंद्रशेखर पांडे पता- दरदारखुर्द कोरबा, 861. राजेन्द्र कुमार सूर्यवंशी पिता/पति गुहारम सूर्यवंशी पता- परसाभाठा बालको, 862. योगेश बारीक पिता/पति भिखारी चरण बारीख पता- शारदा विहार कोरबा, 863. किशन कुमार गायकवार्ड पिता/पति देवगिरी गायकवार्ड पता- केदु विहार कोरबा, 864. दीक्षांत सिंह भारद्वाज पिता/पति रवींद्र कुमार भारद्वाज पता- होउसिंग बोर्ड बालको, 865. अंशु तिर्की पिता/पति भजन राम तिर्की पता- वार्ड- 40 नेहरू नगर बालको, 866. केशव प्रसाद यादव पिता/पति नन्द लाल यादव पता- गेवरा घाट कोरबा, 867. सोनम जैसवाल पिता/पति मनोज जैसवाल पता- नेहरू नगर बालको, 868. भगवान सिंह पिता/पति रामनरेश सिंह पता- रिंग रोड बालको, 869. मनोज कुमार श्रीवास पिता/पति जगदीश प्रसाद पता- लक्ष्मण बन तालाब नई बस्ती, **भोपाल संस्करण-** 870. मान्या प्रजापति पिता\पति रंजीत प्रजापति पता- जगदीशपुर इस्लामनगर, 871. कनक मीणा पिता\पति राजेन्द्र सिंह मीणा पता- 45 जय नगर कॉलोनी, 872. युवांश बैरागी पता- राम मंदिर के पास करोद भोपाल, 873. रवि साहु पिता\पति मदनलाल साहु पता- मकान नं 53 कपिला नगर करोद, 874. वेदांश यादव पिता\पति सुरेन्द्र सिंह यादव पता- मकान नं.116 फेस-2 पारस नगर करोद, 875. राम सिंह राजपूत पिता\पति- रामसिंह राजपूतबने सिंह राजपूत पता- नजीराबाद भोपाल, 876. पूजा पिता\पति सत्यदेव द्विवेदी पता- करोद भोपाल, 877. मानशी पिता\पति शंकादीन बढ़ई पता- एच.न 121 जनता नगर फेस-3 करोद, 878. दक्ष विश्वकर्मा पिता\पति प्रदीप कुमार विश्वकर्मा पता- शंकर नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण-** 879. अर्चिता पांडेय पिता\पति भानु कुमार पांडे पता- वार्ड नंबर 4 निगवानी रोड कोतमा, 880. महिमा शर्मा पिता\पति मुकेश शर्मा पता- मेंन रोड कोतमा, 881. हर्ष कुमार नामदेव पिता\पति अखिलेश नामदेव पता- विकास नगर वार्ड नंबर 10 कोतमा, 882. अनुराग चौबे पिता\पति राजकुमार चौबे पता- मझौली वार्ड नंबर 16 पंडित मोहल्ला कोतमा, 883. प्राजली चौबे पिता\पति राजकुमार चौबे पता- मेंन रोड कोतमा, 884. अक्षय गौतम पिता\पति जितेंद्र कुमार गौतम पता- विकास नगर वार्ड क्रमांक 9 कोतमा, 885. अनुमति नायक पिता\पति वीरेंद्र नायक पता- पाटन, 886. रिद्धि तिवारी पिता\पति मनीष तिवारी पता- शिवनगर वार्ड नंबर 90 गढ़ा जबलपुर, 887. अरुण कुमार दुबे पिता\पति स्व बैजनाथ पता- दुबे 362 दुर्गा कॉलोनी घमापुर, 888. अर्पित जैन पिता\पति ऋषभ कुमार जैन पता- जगमोहन दास वार्ड कटनी।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### नितिन नबीन को ओपी ने दी बधाई



**रायगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के संसदीय बोर्ड द्वारा प्रदेश भाजपा प्रभारी एवं बिहार सरकार में कैबिनेट मंत्री माननीय नितिन नबीन को भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किये जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें देते हुए वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा आपकी कार्यकुशलता और निष्ठा हमेशा प्रशंसनीय रही है। विधायक रायगढ़ ओपी चौधरी ने विश्वास जताते हुए कहा इस नई जिम्मेदारी में भी आप उत्कृष्ट मिसाल स्थापित करेंगे।

### कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आमजन की समस्याएं



**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने आज जिला कार्यालय में आयोजित जनदर्शन में आम नागरिकों से सीधे रूबरू होकर उनकी समस्याएं एवं मांगों की जानकारी ली। उन्होंने प्राप्त आवेदनों का गंभीरतापूर्वक अवलोकन किया और संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रत्येक प्रकरण का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि आवेदकों को उनके आवेदन पर की गई कार्यवाही की जानकारी समय पर उपलब्ध कराई जाए, जिससे उन्हें अपनी समस्या के समाधान की स्थिति स्पष्ट रूप से ज्ञात हो सके। उन्होंने जनसुविधाओं से जुड़े प्रकरणों पर संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ कार्रवाई करने पर जोर दिया। आज आयोजित जनदर्शन में कुल 29 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें मुख्य रूप से राजस्व प्रकरण, स्वच्छता एवं साफ-सफाई, अधोसंरचना निर्माण, आजीविका उन्नयन तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने संबंधित आवेदन शामिल थे।

### प्रभावित परिजन हेतु 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। सन्ना तहसील अंतर्गत ग्राम सुकमा निवासी स्व. सम्पति कुजूर का आकाशीय बिजली से 21 मार्च 2025 को मृत्यु हो गई। मृतिका के निकटतम वारिस उनके पति राजकुमार कुजूर हेतु 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार



**जशपुरनगर।** सोशल मीडिया पर दोस्ती कर नाबालिग बालिका को प्रेम और विवाह का झांसा देकर भगा ले जाने व दुष्कर्म करने के मामले में कुनकुरी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। मामला अत्यंत संवेदनशील होने के चलते पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए नाबालिग को सकुशल बरामद किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना कुनकुरी क्षेत्रांतर्गत एक ग्राम निवासी महिला ने 13 दिसंबर को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी 14 वर्षीय पुत्री, जो स्थानीय शासकीय विद्यालय में कक्षा सातवीं की छात्रा है, 12 दिसंबर की शाम घर के पास आग ताप रही थी। रात्रि करीब 9 बजे तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने आसपास, रिश्तेदारों और परिचितों में तलाश की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। परिजनों को आशंका थी कि किसी अज्ञात युवक ने बालिका को बहला-फुसलाकर भगा लिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल गुम इंसान दर्ज कर बीएनएस की धारा 137(2), 87, 64, 65(1) एवं पॉक्सो एक्ट की धारा 3, 4 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच प्रारंभ की। विवेचना में आरोपी की पहचान विक्की राम चौहान उम्र 19 वर्ष, निवासी थाना कांसाबेल क्षेत्र के एक ग्राम के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी द्वारा अपराध स्वीकार करने तथा पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

### सहायक शिक्षक फेडरेशन ने की जेडी से मुलाकात

**जशपुरनगर।** सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष अजय कुमार गुप्ता के नेतृत्व में अंबिकापुर में संयुक्त संचालक से मुलाकात कर पदोन्नति नियम 2019 के तहत रिक्त पदों पर शीघ्र पदोन्नति की मांग की। संयुक्त संचालक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी कर त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया। सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन, जशपुर के जिलाध्यक्ष अजय कुमार गुप्ता के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने अंबिकापुर स्थित संयुक्त संचालक (जेडी) सरगुजा संभाग से मुलाकात कर शिक्षकों की पदोन्नति से जुड़े अहम मुद्दों को प्रमुखता से उठाया।

धर्मकांटा का सामान वर्षों से बैरियर में पड़ा, स्थानाभाव के कारण इंस्टॉलेशन अधर में

# लोदाम आरटीओ बैरियर पर धर्मकांटा नहीं ओवरलोड वाहन चालक कर रहे मनमानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



छत्तीसगढ़ झारखंड राज्य की सीमा प्रजाशपुर जिले के लोदाम आरटीओ बैरियर में अव्यवस्थाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बैरियर पर आज तक धर्मकांटा स्थापित न होने के कारण वाहनों के वास्तविक वजन की जांच पूरी तरह बाधित है। इससे ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई लगभग नामुमकिन हो गई है और चालक इसका खुला फायदा उठा रहे हैं।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बैरियर में धर्मकांटा का पूरा उपकरण लगभग एक साल पहले पहुंच चुका है, लेकिन उपयुक्त स्थान न मिलने के कारण इंस्टॉलेशन आज तक शुरू नहीं हो सका। उपकरण बैरियर परिसर में रखे-रखे खराब होने की कगार पर पहुंच रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभाग के अधिकारियों ने इस ओर कोई पहल नहीं की है। धर्मकांटा नहीं होने की वजह से बैरियर कर्मचारी वाहन चालकों द्वारा दी गई बिल्टी में दर्ज वजन को ही सही मान लेते हैं। इससे ओवरलोड वाहन बिना किसी वास्तविक जांच के बैरियर पार कर लेते हैं। कर्मचारियों का कहना है कि उपकरण न होने की स्थिति में वे कार्रवाई नहीं कर सकते, ऐसे में कागजों के आधार पर ही काम चलाया जा रहा है।

#### ओवरलोडिंग से सड़कें हो रही जर्जर

ओवरलोड वाहनों की बढ़ती संख्या से सड़कें टूट रही हैं, वहीं दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि विभाग की लापरवाही का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की है कि जल्द से जल्द धर्मकांटा स्थापित कर ओवरलोडिंग पर रोक लगाई जाए।

#### प्रशासन की उदासीनता पर सवाल

धर्मकांटा का सामान उपलब्ध होने के बावजूद इंस्टॉलेशन न होना विभागीय उदासीनता को दर्शाता है। वर्षों से लंबित इस समस्या पर प्रशासन चुप है, जिससे कर्मचारियों और नागरिकों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

#### तत्काल कार्रवाई की मांग

स्थानीय नागरिकों ने कहा कि यदि स्थिति ऐसी ही रही तो ओवरलोड वाहन बेखौफ चलते रहेंगे और नियम सिर्फ कागजों तक सीमित रह जाएंगे। उन्होंने संबंधित विभाग से तत्काल कार्रवाई की मांग की है, ताकि बैरियर की व्यवस्था दुरुस्त हो सके और ओवरलोडिंग पर प्रभावी रोक लग सके।

#### सामान इंस्टाल नहीं

बेरियर में ओवरलोड़िंग की जांच बिल्टी के आधार पर किया जाता है। आरटीओ बेरियर में धर्मकांटा का सामान कंपनी के द्वारा लाकर रखा गया है लेकिन कंपनी के द्वारा उसे इंस्टाल नहीं किया गया है।

**-विजय निकूंज**, जिला परिवहन अधिकारी जशपुर

## तंत्र-मंत्र और टोनही के अंधविश्वास पर जशपुर पुलिस की सख्ती



**जशपुरनगर।** तंत्र-मंत्र के नाम पर ठगी और टोनही (डायन) का झूठा आरोप लगाकर एक महिला के साथ अमानवीय मारपीट करने वाले फरार दो बैगाओं को जशपुर पुलिस ने रायगढ़ और सारंगढ़-बिलाईगढ़ से धरदबोचा है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। मामला थाना दुलदुला क्षेत्र के ग्राम भिंजपुर का है। पुलिस के अनुसार आरोपी बैगा— कृपा चौहान उम्र 44 वर्ष निवासी ग्राम खर्रामुड़ा, थाना घरघोड़ा, जिला रायगढ़ तथा संतु राम चौहान उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम लेंधरा, थाना बरमकेला, जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़—तंत्र-मंत्र के जरिए मृत महिला को जिंदा करने का दावा कर रहे थे। इसी क्रम में उन्होंने मृतका की मौत का दोष गांव की एक महिला फौसी बाई पर डालते हुए उसे "टोनही" बताकर भड़काया, जिसके बाद महिला के साथ मारपीट की गई।

8 नवंबर 2025 को पीड़िता फौसी बाई उम्र 53 वर्ष ने थाना दुलदुला में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि तड़के उसके घर में जबरन घुसकर गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी और मारपीट की गई। आरोपियों ने उसे टोनही बताते हुए घसीटकर श्मशान ले जाने का प्रयास किया। शोर सुनकर पीड़िता के बेटे-बेटी के हस्तक्षेप से उसकी जान बची। पुलिस जांच में सामने आया कि रायपुर में पदस्थ एक सहायक उप निरीक्षक की पत्नी सुनीता भगत का इलाज के दौरान 30 अक्टूबर 2025 को निधन हो गया था। परिजनों के संपर्क में आए बैगाओं ने तंत्र-मंत्र से जिंदा करने का दावा करते हुए श्मशान में झाड़-फूंक का नाटक किया और 60 हजार रुपये की मांग की। शुरुआती तौर पर 11 हजार रुपये लेने के बाद, शेष रकम न मिलने पर उन्होंने पीड़िता फौसी बाई को टोनही बताकर हिंसा के लिए उकसाया।

#### पहले ही हो चुकी थीं गिरफ्तारियां

इस प्रकरण में टोनही का आरोप लगाकर मारपीट करने वाले पुलिस अधिकारी सहित कुल आठ आरोपियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। फरार बैगाओं की तलाश लगातार जारी थी। मुखबिर सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर विशेष टीम बनाकर दोनों को उनके गृह गांवों से घेराबंदी कर पकड़ा गया।

#### हुई कानूनी कार्रवाई

आरोपियों के विरुद्ध थाना दुलदुला में बीएनएस की धाराएं 296, 351(2), 115(2), 333, 190, 191(2) तथा टोनही प्रताड़ना निवारण अधिनियम की धारा 4 व 5 के तहत अपराध पंजीबद्ध है।

#### पुलिस की अपील

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने स्पष्ट किया कि जादू-टोना और किसी को टोनही कहना न केवल अंधविश्वास है, बल्कि गंभीर अपराध भी है। पुलिस ने नागरिकों से ऐसे अंधविश्वासों से दूर रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना देने की अपील की है।

## कोतबा स्वास्थ्य केंद्र की दुर्दशा पर मिंज ने कलेक्टर को लिखा पत्र

**कोतबा।** कोतबा नगर और आसपास के 15 गांवों की चरमराती स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष और पूर्व विधायक यूडी मिंज ने गंभीर चिंता व्यक्त की है। इस संबंध में उन्होंने जशपुर कलेक्टर को पत्र लिखकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने और तत्काल व्यवस्था सुधारने की मांग की है।यूडी मिंज ने पत्र में उल्लेख किया है कि लगभग दो लाख की आबादी वाले इस क्षेत्र की पूरी स्वास्थ्य व्यवस्था केवल एक आरएमओ के भरोसे चल रही है। वहीं आयुष्मान आरोग्य मंदिर केवल नाम मात्र का केंद्र बनकर रह गया है और योजना का लाभ आम जनता तक नहीं पहुंच पा रहा है। जो कि दुःखद है। पत्र में लिखा गया है कि अस्पतालों में डॉक्टरों और आवश्यक स्टाफ की भारी कमी है। कई बार मरीजों को बिना इलाज के लौटना पड़ता है। ग्रामीण क्षेत्रों की गर्भवती महिलाएं बुजुर्ग और गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीज समय पर उपचार से वंचित हैं जिससे स्थिति और अधिक चिंताजनक होती जा रही है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष यू डी मिंज ने कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर योजना का उद्देश्य प्राथमिक स्तर पर बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं देना है लेकिन जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल उलट दिखाई दे रही है। यह न केवल शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की विफलता को दर्शाता है बल्कि आम जनता के स्वास्थ्य और जीवन के साथ गंभीर खिलवाड़ भी है। उन्होंने कलेक्टर से मांग की है कि पूरे प्रकरण की विस्तृत और निष्पक्ष जांच कराई जाए। आयुष्मान आरोग्य मंदिर की वास्तविक स्थिति का भौतिक सत्यापन कराया जाए जिसमें डॉक्टरों की पदस्थापना स्टाफ की उपलब्धता दवाइयों और मूलभूत सुविधाओं की जांच शामिल हो। साथ ही दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए और क्षेत्र की जनता को शीघ्र समुचित स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। यू डी मिंज ने उम्मीद जताई है कि जिला प्रशासन इस गंभीर विषय को जनहित में लेते हुए त्वरित और ठोस कार्रवाई करेगा ताकि कोतबा नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य मिल सके।

■ निष्पक्ष जांच, सुधार व कार्रवाई की मांग

## युवती ने अज्ञात कारण से पेड़ में लगाई फांसी, मौत

**अम्बिकापुर।** लखनपुर क्षेत्र के ग्राम जामडीह देवगढ़ निवासी निशा आ. बाल मुकुंद (19 वर्ष) आज सुबह लगभग 8 बजे ग्राम खलिबा जंगल के समीप एक पेड़ में फांसी लगा ली जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतिका की पहचान उसके पास रखे बैग में मिले आधार कार्ड से हुआ वहीं पुलिस को बैग से एक युवक का फोटो भी मिला। मृतिका के पिता ने पुलिस को बताया जा रहा है कि शादी के बाद युवती भागकर शहर आ गई और शहर में ही रह कर एक होटल में काम करती थी।

## एचडीएफसी बैंक सारंगढ़ ब्रांच ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन




**कटेली।** सारंगढ़ शहर की एचडीएफसी बैंक शाखा द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जनसेवा की भावना के साथ रक्तदान महादान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बैंक के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया। ब्रांच मैनेजर जितेंद्र कुमार साहू ने बताया कि रक्तदान महादान है। किसी जरूरतमंद व्यक्ति को रक्तदान कर उसकी जान बचाना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। जब किसी परिवार की तरह मिलकर समाज के लिए कार्य किया जाता है तो आत्मिक संतोष मिलता है। इस रक्तदान शिविर में कुल 22 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। श्री साहू ने सभी रक्तदाताओं का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आम नागरिकों से अपील की कि वे आगे आकर जरूरतमंदों की सहायता करें। उन्होंने यह भी कहा कि रक्तदान करने से शरीर में कोई कमजोरी नहीं आती, बल्कि इससे शरीर स्वस्थ रहता है।


## एलजीबीटीक्यू कम्युनिटी की निकली प्राइड रैली



**राउरकेला।** किन्नर मां वेलफेयर ट्रस्ट के नेतृत्व में रविवार 14 दिसंबर को दोपहर 12 बजे एलजीबीटीक्यू कम्युनिटी की ओर से प्राइड परेड रैली का आयोजन किया गया। यह रैली अमर भवन से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए उदितनगर चौक तक पहुंची।

रैली का मुख्य उद्देश्य समाज में लैंगिक समानता, स्वीकृति और समावेशी सोच को बढ़ावा देना रहा। प्राइड रैली में एलजीबीटीक्यू समुदाय के सदस्यों के साथ-साथ समाज के विभिन्न वर्गों के लोग भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। प्रतिभागियों ने रंग-बिरंगे झंडों, तख्तियों और नारों के माध्यम से समान अधिकार, सम्मान और सामाजिक स्वीकार्यता का सशक्त संदेश दिया। पूरे मार्ग में रैली आकर्षण का केंद्र बनी रही और लोगों का ध्यान सामाजिक समरसता की ओर खींचा। इस अवसर पर किन्नर मां वेलफेयर ट्रस्ट की निदेशक एवं संस्थापक जोया त्रिपाठी ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में जागरूकता बढ़ाने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि एलजीबीटीक्यू समुदाय भी समाज का अभिन्न अंग है और उन्हें समान अवसर, सम्मान एवं अधिकार मिलना चाहिए। उन्होंने मीडिया से अपील की कि वे इस पहल को व्यापक रूप से प्रसारित कर समाज को अधिक संवेदनशील और समावेशी बनाने में सहयोग करें। एलजीबीटीक्यू कम्युनिटी से जुड़े संकेत भारद्वाज, रघुनाथ जेना सहित दर्जनों सदस्यों ने रैली में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने अधिकारों के लिए एकजुट होकर आवाज बुलंद की। रैली शांतिपूर्ण, अनुशासित और उत्साहपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। आयोजकों ने विश्वास जताया कि इस तरह के कार्यक्रम समाज में सकारात्मक सोच को बढ़ावा देंगे और समानता आधारित भविष्य की दिशा में मजबूत कदम साबित होंगे।

## पुसौर में निर्माणाधीन सड़क पर रोज हो रही दुर्घटनाएं



**पुसौर।** पुसौर के तीन तराई तालाब से लेकर बोरोडिपा तक के नए बने रोड में इन दिनों मरम्मत का कार्य चल रहा है, जहां निर्माण एजेंसी ने जगह-जगह खोद दिया है और समय-समय पर गिट्टी, डामर आदि डाल रहा है। यह स्थिति लगभग 1 माह से जारी है। दिन के समय उक्त स्थान पर चल रहे वाहन नियंत्रित हो जाते हैं लेकिन रात के समय आए दिन इसी स्थान पर दुर्घटनाएं हो रहे हैं। जानकारी के मुताबिक मरम्मत हो रहे स्थल पर किसी प्रकार का ऐसा कोई संकेतक नहीं है जिससे लोगों को सड़क निर्माण की जानकारी हो। उक्त स्थल अंधेरा रहने से चालक भाप नहीं पाते हैं कि यहां रोड मरम्मत का कार्य चल रहा है। ऐसी स्थिति में बाइक सवार जहां अनियंत्रित होकर गिर रहे हैं वहीं चारपहिया वाहन भी अनियंत्रित होकर इधर उधर टकरा रहे हैं।

## स्व. राठिया की मनाई गई जयंती



**कुड़ेकेला।** अविभाजित मध्य प्रदेश के मंत्री रहे और पृथक छत्तीसगढ़ में भी मंत्री रहे स्वर्गीय चनेश राम राठिया का 83 वीं जयंती उनके निवास वृन्दावन में शांति पूर्व ढंग से मनाया गया। कार्यकर्ताओं एवं उनके चाहने वाले ने विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पुष्प अर्जित किए, उनके द्वारा उनके जीवन काल में मुख्य उद्देश्य गांव का विकास सुधर अंचलों के ग्रामीण क्षेत्र के गांव को पुल पुलिया बना कर जोड़ने का काम किए उनका मानना था देश की आत्मा गांव में निवास करती है इसलिए गांव का विकास उनकी पहली प्राथमिकता थी उनके जीवन काल में उन्होंने शिक्षा, स्वस्थ, बिजली एवं कोई गरीब परिवार भूखा न रहे इसके लिए सतत प्रयास किया उनका सपना छाल को तहसील बना था जिसका सपना उनके सुपुत्र विधायक लालजीत सिंह राठिया ने पूरा किया आज भी स्वर्गीय चनेश राम राठिया की छवि जन्म मानस में जननायक के रूप में जानी जाती है।

## हाई वोल्टेज तार से गई युवा मैकेनिक की जान

**बीरमित्रपुर।** शहर के वार्ड नंबर 9 अंतर्गत ब्राह्मण मारा के टुंगरी टोला में रविवार की शाम स्ट्रीट लाइट मरम्मत के दौरान हुए दर्दनाक हादसे में एक युवा मैकेनिक की मौत हो गई। ऑन ड्यूटी जान गंवाने वाले युवक की पहचान 19 वर्षीय आशीष मुंडारी के रूप में हुई है, जो ठेका व्यवस्था के तहत नगरपालिका के लिए कार्यरत था। इस हादसे के बाद क्षेत्र में आक्रोश और तनाव का माहौल बन गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार शाम आशीष मुंडारी अपने दो सहयोगियों के साथ स्ट्रीट लाइट की मरम्मत कर रहा था। इसी दौरान वह अचानक हाई वोल्टेज विद्युत तार की चपेट में आ गया। करंट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके साथ काम कर रहे अरुण लोहार इस हादसे में घायल हो गए। वहीं दो अन्य सहयोगी बाल-बाल बच गए। मृतक आशीष मुंडारी नुआगांव ब्लॉक के खूंट गांव पंचायत का निवासी था और नगरपालिका में नियोजित ठेकेदार के अधीन काम कर रहा था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। सोमवार सुबह से ही बड़ी संख्या में परिजन और ग्रामीण थाने में जुट गए। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेका व्यवस्था के तहत कार्यरत मजदूरों की सुरक्षा को लेकर लापरवाही बरती जाती है। उनका कहना है कि हादसे के बाद भी संबंधित ठेकेदार मौके पर नहीं पहुंचा, जिससे आक्रोश और बढ़ गया। ठेकेदार के सोमवार शाम तक नहीं पहुंचने के कारण शव को उठाने की प्रक्रिया भी नहीं हो सकी। ग्रामीण और परिजन मृतक के लिए सम्मानजनक मुआवजे, घायल के समुचित इलाज और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर अड़े हुए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया है कि जब तक उचित मुआवजे की घोषणा नहीं की जाती, तब तक शव नहीं उठाया जाएगा। फिलहाल पुलिस स्थिति पर नजर बनाए हुए है और पूरे मामले की गहन पड़ताल की जा रही है। प्रशासन की ओर से समझाइश का प्रयास जारी है, ताकि तनावपूर्ण स्थिति को नियंत्रित किया जा सके।

■ स्ट्रीट लाइट मरम्मत के दौरान हुआ हादसा

जशपुर चैंपियनशिप में बैडमिंटन प्रतिभाओं का संगम

## खेल कोटे से सरकारी सेवा प्राप्त 11 खिलाड़ी पहुंचे जशपुर



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जशपुर जिला मुख्यालय में आयोजित 24वीं योनेक्स सनराइज छत्तीसगढ़ स्टेट सीनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप में प्रदेश भर से प्रतिभावान बैडमिंटन खिलाड़ी जुटे हैं।

देश के राष्ट्रीय स्तर के बैडमिंटन खिलाड़ियों को उनकी उत्कृष्ट खेल उपलब्धियों के लिए भारत सरकार और छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा खेल कोटे के अंतर्गत विभिन्न विभागों में सरकारी नौकरी प्रदान की जाती है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन करने वाले कई खिलाड़ी जशपुर की बैडमिंटन प्रतियोगिता में भी शिरकत कर रहे हैं। यहां खेलने आए 11 खिलाड़ियों को सरकार की ओर से शासकीय सेवाएं प्रदान की गई है। खिलाड़ियों में आकर्षि कश्यप को डीएसपी के पद पर, जूही देवांगन को डाक विभाग, वेंकट गौरव प्रसाद, दक्ष चौधरी और हर्षित ठाकुर को रेलवे विभाग, मनीष गुप्ता और हिमांशु वर्मा को महालेखाकार में, आयुष मखीजा, राजीव सिंह, रमा दत्त को फॉरेस्ट डिपार्टमेंट, प्रवेश श्री को सीआरपीएफ और हर्सल भोयार को रेलवे ऑडिट में नियुक्ति दी गई है। जानकारों का विश्वास है कि सरकार की यह पहल खिलाड़ियों के मनोबल को बढ़ाने के साथ-साथ युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करती है।

■ उत्कृष्ट खिलाड़ियों को मिलती है सरकारी नौकरियां

#### पुरस्कार स्वरूप शासकीय सेवा

बैडमिंटन खिलाड़ियों को छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा उनके राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर पुरस्कार स्वरूप दिए जा रहे शासकीय सेवा के प्रावधान से निश्चित रूप से इस खेल को प्रोत्साहन मिलेगा और आज के युवा अपने करियर के प्रति आश्वस्त हो कर बैडमिंटन खेल पर पूरा फोकस भी कर सकेंगे। ऐसे खिलाड़ियों के अभिभावक भी अपने बच्चों के भविष्य को लेकर चिंता मुक्त हो इस खेल में निवेश करने का निर्णय ले सकते हैं। बैडमिंटन खेल में लड़कियों के लिए अपेक्षाकृत अधिक अवसर है क्योंकि इस वर्ग में प्रतिस्पर्धा कम है।

## न्यायालयों में लगी नेशनल लोक अदालत

**जशपुरनगर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के मार्गदर्शन से पूरे छत्तीसगढ़ के समस्त जिला एवं तालुका के न्यायालय से लेकर उच्च न्यायालय एवं उच्चतम न्यायालय के स्तर तक सभी न्यायालयों में 13 दिसम्बर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया।

यह लोक अदालत वर्ष 2025 का पहला नेशनल लोक अदालत था, इस हेतु जिला एवं सत्र न्यायाधीश जशपुर के अनुमोदन पर जशपुर जिले में कुल 14 खंडपीठ का गठन किये गये थे। जिसमें खण्डपीठ क्रमांक 01 सतेन्द्र कुमार साहू प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जशपुर, खण्डपीठ क्रमांक-02 राकेश बिहारी घोरे प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय जशपुर, खण्डपीठ क्रमांक-03 संतोष कुमार तिवारी जिला एवं सत्र न्यायाधीश पत्थगलगांव, खण्डपीठ क्रमांक-04 भानुप्रताप सिंह त्यागी जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुनकुरी, खण्डपीठ क्रमांक-05 एसए पटवर्धन, जिला सत्र न्यायाधीश जशपुर, खंडपीठ क्रमांक-06 बलराम कुमार देवांगन अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुनकुरी, खण्डपीठ क्रमांक-07 जर्नादन खरे अपर जिला सत्र न्यायाधीश जशपुर खण्डपीठ क्रमांक-08 जनार्दन खरे मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जशपुर, खण्डपीठ क्रमांक 09 सुमन सिंह मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जशपुर खण्डपीठ क्रमांक 10 नरेन्द्र कुमार तेंदुलकर वरिष्ठ न्यायिक मजिस्ट्रेट कुनकुरी, खंडपीठ क्रमांक 11 क्रांति कुमार सिंह न्यायिक मजिस्ट्रेट वरिष्ठ श्रेणी जशपुर खण्डपीठ क्रमांक 12 अंकिता यदु न्यायिक मजिस्ट्रेट वरिष्ठ व कनिष्ट श्रेणी बगीचा, खण्डपीठ क्रमांक 13 कु. श्वेता अवस्थी कनिष्ठ श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट पत्थलगांव, खण्डपीठ क्रमांक 14 के प्रज्ञा सिंह न्यायिक मजिस्ट्रेट वरिष्ठ व कनिष्ठ श्रेणी जशपुर को खण्डपीठ गठित किया गया था। तथा उक्त लोक अदालत में न्यायालय के लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरण जैसे बैंक मेटर्स, विद्युत बिल, जलकर, टेलीफोन बिल से संबंधित प्रकरणों का पक्षकारों की आपसी सहमति व सुलह समझौता से निराकृत किये जाने के अतिरिक्त न्यायालय में मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, सिविलों व राजस्व न्यायालयों व धारा 138 एनआई एक्ट व फैमिली कोर्ट के मेटर के प्रकरणों के निराकरण के साथ-साथ स्पेशल सिटिंग के माध्यम से भी पेटी ऑफेंस के प्रकरणों को निराकृत किया गया। तथा इस लोक अदालत में पक्षकारों की भौतिक तथा वर्चुअल दोनों ही माध्यमों से सुलभ एवं बड़ी ही शांतिपूर्णढंग से प्रकरणों का निराकृत किया गया।

# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH


प्रतिक्षा कक्ष


प्रतिक्षा कक्ष


पूजा स्थान




परामर्श कक्ष

15 वर्षों से आपकी सेवा में






## जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

### पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री




हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"

ऑफिस आने पर मात्र ₹ 101/- फोन से परामर्श केवल ₹ 251/-

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

**जब कही ना हों काम, तो हमसे लें समाधान**



**पं. एस. के. शास्त्री**
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

## जन्म पत्रिका बनाई जाती है



- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण

**बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060**

असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें

हमारी अन्य कोई और शाखा नहीं है।

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।

**पोलसाय पारा चौक, दुर्ग (छ.ग.)**

मिलने का समय : सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक

**संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +91 9755964567**

## निधन/श्रद्धांजलि

### लवंग पटेल




**झलमला।** रायगढ़ जिले के हाइवे उनचास उड़िसा रोड पर स्थित ग्राम झलमला निवासी प्रतिष्ठित व्यक्ति गोपी नाथ पटेल की धर्म पत्नी साठ वर्षीय लवंग पटेल का आकस्मिक निधन बीते दिवस उपचार के दौरान को हो गया ज्ञात रहे कि झलमला के होनहार युवा स्व.जगदानद पटेल की माता थे वे सरल सहज स्वभाव एवं धर्म परायण महिला थी वे अपने पीछे रोते बिलखते भरे परिवार को छोड़कर चली गई वही अंतिम संस्कार झलमला के केलो नदी के तट पर स्थित मुक्ति धाम में किया गया काफी संख्या सगे संबंधि परिवार एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### बिलासिनी मेहर



**पुसौर।** पुसौर क्षेत्र में मेहर टेक्सटाईल के नाम से नामवर रहे प्रो.गिरधारी मेहर की पत्नि बिलासिनी मेहर का बीते दिनांक को निधन हो गया जिनका पुत्र बबलु मेहर उर्फ चुडामणि मेहर वरिश्ठ भाजपा कार्यकर्ता के फेरिस्त में रहे है इनके निधन पर मंडल अध्यक्ष जैमिनी गुप्ता, नगर उपाध्यक्ष उमेश साव सहित क्षेत्र के भाजपा खेमे के लोगों के साथ साथ बबलु से जुडे लोगों के बीच शोक का लहर व्याप्त है। जानकारी के मुताविक बिलासिनी मेहर समुचे परिवार को एक सुत्र में पिरोए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका रही जिसका मुख्य कारण उनके मृदुभाशी एवं धर्मपरायण होना बताया जाता है।

### कन्हाई शंकर मुखर्जी



**रायगढ़।** शहर के प्रतिष्ठित नागरिक एवं बंगाली समाज के वयोवृद्ध सदस्य कन्हाई शंकर मुखर्जी के निधन पर विधायक रायगढ़ वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा खेल संगीत और कला के क्षेत्र में आपका योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा। अपनी संवेदनाएं परिजनों के साथ बताते हुए ओपी चौधरी ने कहा ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें।

### घन्नु सेठ



**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर के उपाध्यक्ष उमेश साव एवं उनके साथियों ने पुसौर के चहेते एवं दिलफेक समाज सेवी रहे घन्नु सेठ उर्फ घनश्याम अग्रवाल के निधन पर संवेदना जताने उनके वर्तमान आवास खरियार ओडिशा पहुंचे। जहां उनके पुत्र दीपक अग्रवाल एवं उनके परिजनों के आंखे पुराने यादों को ताजा करते हुए नम हुआ। ज्ञात हो कि घन्नु सेठ कुछ वर्ष पहले अपने भरे पूरे परिवार के साथ पुसौर में रहते थे। इस बीच पुसौर एवं क्षेत्र के लोग इनके उदार व्यवहार एवं लेन देन से बहुत प्रभावित रहे इसलिये इनके निधन पर सामान्य लोगों के साथ साथ समुचा रामलीला समिति एवं सदस्यों ने भी मौन होकर श्रद्धांजलि अर्पित की थी।

## सुशासन सप्ताह 19 से 25 दिसंबर तक, ग्राम पंचायतों में लगेंगे समाधान शिविर

# धान के अवैध भंडारण व परिवहन पर सख्त कार्रवाई जारी रहे : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



जिला कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सोमवार को कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने विभागवार लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा करते हुए उनके समयबद्ध एवं त्वरित निराकरण के सख्त निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले के 105 उपार्जन केंद्रों में शांतिपूर्ण एवं सुचारू रूप में अब तक हुई कुल धान खरीदी, धान के अवैध परिवहन एवं भंडारणए किसानों को निर्धारित समय अवधि में हो रहे राशि भुगतान सहित धान खरीदी से संबंधित बिंदुओं पर समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धान खरीदी योजना राज्य शासन की प्राथमिकता में शामिल है। कलेक्टर ने साफ निर्देश देते हुए कहा कि किसानों के वास्तविक उपज को विक्रय करने में किसी भी प्रकार की अनावश्यक परेशानियां नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर ने धान खरीदी नीति का पालन करते हुए सुचारू रूप से धान खरीदी की व्यवस्था पर सतत निगरानी रखने और धान के अवैध परिवहन एवं भंडारण पर कड़ी निगरानी रखते हुए कार्यवाही जारी रखने के सख्त निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी नोडल अधिकारियों को शनिवार एवं रविवार को समितियों में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में धान की आवक बढ़ेगी, ऐसे में टोकन सत्यापन, रकबा समर्पण तथा अवैध भंडारण एवं परिवहन पर सतत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। अमानक धान खरीदी की शिकायत मिलने पर संबंधित समिति प्रबंधक के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने बैठक में जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में सड़कए पुल-पुलिया एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने नरेगा अंतर्गत जल संरक्षण कार्यों की सराहना करते हुए इन कार्यों को और अधिक गति देने के निर्देश दिए। साथ ही पीएम स्वनिधि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु नगर निगम आयुक्त को विशेष ध्यान देने को कहा।

### राजस्व एवं स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा

राजस्व प्रकरणों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने खसरा सत्यापन का कार्य 15 दिवस के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वामित्व योजनाए अतिक्रमण हटाने तथा बॉन्ड ओवर की कार्रवाई को प्रभावी क्रियान्वयन करें। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत अधिक से अधिक हितग्राहियों के पंजीयनए खरसिया एवं धरमजयगढ़ क्षेत्रों में कार्यों में तेजी लाने तथा मैदानी अमले की कार्यक्षमता बढ़ाने के निर्देश दिए गए। वय वंदना योजना के लक्ष्य समय-सीमा में पूर्ण करने हेतु जिला पंचायत सीईओ को नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही सिकलसेल जांच एवं सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में ऑक्सीजन सिलेंडर की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया।

### प्राक्कलन तैयार करने 1 जनवरी तक समय

कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की प्रस्तावित कार्ययोजनाओं लंबित कार्यों की गहन समीक्षा की। कलेक्टर ने प्रस्तावित कार्य खम्हारपाकुट डेम आधारित समूह जल प्रदाय योजना का प्राक्कलन तैयार करने संबंधित दिए गए निर्देशों में कोई प्रगति नहीं आने पर विभाग के अधिकारी के कामकाज पर अप्रसन्नता व्यक्त की और सभी लंबित कार्यों को 1 जनवरी 2026 तक पूरा करने के सख्त निर्देश दिए। कलेक्टर ने जलजीवन मिशन की प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग के निर्माणाधीन एवं नवीन स्वीकृत कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने स्कूल एवं अस्पताल भवन निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने को कहा। उन्होंने राशन दुकानों में खराब गुणवत्ता वाले चावल की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए हितग्राहियों को केवल उच्च गुणवत्ता वाला राशन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। शिक्षाए समाज कल्याणए स्वास्थ्य एवं महिला.बाल विकास विभागों को संस्थागत निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिए गए।

### सुशासन सप्ताह का प्रभावी क्रियान्वयन

कलेक्टर ने बताया कि 19 से 25 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह आयोजित किया जाएगा। इस दौरान ग्राम पंचायतों में शिविर लगाकर आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाएगा। सभी विभागों को सुशासन सप्ताह के बेहतर क्रियान्वयन हेतु कार्ययोजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए गए। साथ ही निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एसआईआर कार्य को गंभीरता एवं जिम्मेदारी से संपन्न करने को कहा गया। बैठक में वन मंडलाधिकारी अरविंद पीएम, जिला पंचायत सीईओ अभिजीत बबन पठारे, नगर निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय, अपर कलेक्टर अपूर्व प्रियेश टोप्पो एवं डॉ. प्रियंका वर्मा, संयुक्त कलेक्टर राकेश गोलछा एवं श्रीमती पूजा बंसलए डिप्टी कलेक्टर धनराज मरकाम सहित सभी एसडीएम एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



# टारपाली में 3 दिवसीय रैम्प कार्यक्रम का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

ग्राम टारपाली में हैंडलूम बुनकरों के लिए रैंप योजना के अंतर्गत 13 दिसंबर से 15 दिसंबर तक आयोजित 3 दिवसीय कौशल विकास कार्यक्रम का आज सफलतापूर्वक समापन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय बुनकरों को आधुनिक तकनीक, डिज़ाइन और बाज़ार से जोड़कर उनकी आजीविका को सशक्त बनाना रहा। तीन दिनों तक चले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 34 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान बुनकरों को हैंडलूम कार्य से संबंधित नए डिज़ाइन, डिज़ाइन डेवलपमेंट, आधुनिक मशीनों का उपयोग, मार्केटिंग के तरीके, डिजिटल मार्केटिंग, कंपनी गठन, जीएसटी, उद्यम पंजीकरण, ब्रांडिंग एवं पैकेजिंग जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं। साथ ही बुनकरों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा उन्हें बुनकर सेवा केंद्र, रायगढ़ से जोड़कर भविष्य में मिलने वाली सहायता की प्रक्रिया पर भी कार्य किया गया। कार्यक्रम का संचालन भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान से आए विनय यादव द्वारा किया गया। उन्होंने तीनों दिनों में बुनकरों की आवश्यकताओं को समझते हुए उपयुक्त प्रशिक्षकों की व्यवस्था की और प्रतिभागियों को अधिकतम लाभ पहुँचाने का प्रयास किया। समापन दिवस के अवसर पर भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान से विनय यादव, बुनकर सेवा केंद्र से विजय एवं अशोक देवांगन, मास्टर ट्रेनर पुरुषोत्तम देवांगन, स्थानीय समन्वयक आशीष देवांगन सहित सभी 34 प्रतिभागी उपस्थित रहे। इस अवसर पर बुनकर सेवा केंद्र के अधिकारियों ने आगामी 19 दिसंबर को बुनकर कार्ड एवं अन्य प्रमाणपत्र बनवाने तथा आवश्यक सहायता प्रदान करने हेतु एक विशेष कार्यशाला आयोजित करने की जानकारी भी दीए जिससे आने वाले समय में बुनकरों को विशेष लाभ मिलने की उम्मीद है। यह कार्यक्रम स्थानीय बुनकरों को सशक्त बनाने और उन्हें मुख्यधारा के बाज़ार से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

**महा भंडारे का आयोजन आज**

# रुक्मणी विवाह प्रसंग सुनकर भाव विभोर हुए श्रद्धालु



**सरिया।** नगर में आयोजित श्रीमद् भागवत सप्ताह यज्ञ में छठवें दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। प्रवचन के दौरान कथा में रुक्मणी श्रीकृष्ण विवाह महोत्सव का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने मंगल गीत गाए एवं महिलाएं पूरे उत्साह के साथ मंगल गीत गा रही थी। श्रद्धालु गीत एवं भजन गाते हुए श्रीकृष्ण रुक्मणी के भेष धारण किए कलाकारों के ऊपर पुष्प वर्षा कर खुशी मनाया गया। क्योंकि यह प्रसंग भक्ति और प्रेम की मिलन का प्रतीक है।

इस प्रसंग में श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। विवाह के प्रसंग के अवसर पर आधारित मंगल गीत गया और भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। कथा व्यास पंडित सलिल कृष्णा गुरु ने बताया कि यह प्रसंग जीवात्मा रुक्मणी और परमात्मा श्रीकृष्ण के मिलन का प्रतीक माना जाता है। जिसमें श्रद्धालु ने आध्यात्मिक आनंद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण पृथ्वी पर प्रेमावतार के रूप में अवतरित होकर संपूर्ण मानव जाति को प्रेम व भाईचारा का संदेश दिया। कथा व्यास पंडित सलिल कृष्ण गुरु ने कहा कि हम सबको भगवान राम की तरह मर्यादा में रहकर और भगवान कृष्ण की भांति प्रत्येक जीव से प्रेम कर हृदय में करुणा के भाव रहना चाहिए। नगर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और संगीतमय महाआरती कर भोग प्रसाद ग्रहण किया। कथा का सोमवार को सातवें दिन में सुदामा चरित्र के साथ कथा विराम हुआ। 16 दिसंबर मंगलवार को नगर पंचायत परिसर पर आयोजित श्रीमद् भागवत कथा स्थल पर महा भंडारे का आयोजन किया गया है। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण आमंत्रित किए गए हैं। श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन जिला पंचायत अध्यक्ष सारंगढ़ बिलाईगढ़ संजय भूषण पांडे एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष जगनाथ पाणिग्राही ने भी कथा श्रवण कर पुण्य कमाया।

### घिवरा से लेकर चंद्रपुर तक राज्य मार्ग का हाल-बेहाल

**बिर्रा** । लोक निर्माण विभाग संभाग चांपा के अंतर्गत ग्राम पंचायत घिवरा, मल्दा से डभरा चंद्रपुर तक राज्य मार्ग की हालत बद्तर हो चुकी है। इस मार्ग पर जगह-जगह बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढा बन गया है, जिसके कारण इस राज्य मार्ग पर चलने वाले वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गौरतलब है कि सक्ती जिला के जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत घिवरा और मल्दा से लेकर डभरा - चंद्रपुर तक इस राज्य मार्ग की हालत बहुत ज्यादा खराब हो गई है। यह राज्य मार्ग जांजगीर चांपा जिला और सक्ती जिला को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है। इसी राज्य मार्ग से यात्री बसें, ऑटो, मोटरसाइकिल, ट्रैक्टर, ट्रक, कैप्सूल हाईवा आदि बड़ी-बड़ी गाड़ियां शिवरीनारायण, बिलासपुर, रायपुर, बलौदा बाजार, रायगढ़ ,कोरबा जिला और आदि अन्य शहरों के लिए आते जाते हैं। रोजाना हजारों की तादाद में चलने वाले वाहन चालकों को इस राज्य मार्ग में बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढे बन गए है।

# कोटरीमाल में रासेयो के विशेष शिविर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा



डॉ. भंवर सिंह पोर्ते महाविद्यालय घरघोड़ा द्वारा कोटरीमाल में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का विधिवत शुभारंभ किया गया। यह शिविर छात्र-छात्राओं में सामाजिक सेवा अनुशासन और राष्ट्र निर्माण की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है।

विशेष शिविर का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती और स्वामी विवेकानंद के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि सुरेंद्र चौधरी अध्यक्ष नगर पंचायत घरघोड़ा ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है। इससे छात्र समाज की वास्तविक समस्याओं से परिचित होते हैं और सेवा भाव के साथ उनके समाधान में योगदान देते हैं। विशिष्ट अतिथि अरुण कुमार पंडा ने अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय सेवा योजना से विद्यार्थियों में सेवा भाव की भावना जागृत करता हैए आत्मविश्वास को सुदृढ़ बनाता है और समाज और देश प्रेम की भाव को विकसित करते हुए उज्जवल भविष्य का निर्माण करता है।

विशिष्ट अतिथि अमित त्रिपाठी उपाध्यक्ष नगर पंचायत घरघोड़ा ने रासेयो को जीवन निर्माण की प्रयोगशाला बताते हुए कहा कि यह युवाओं में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करता है। प्राचार्य डॉ. जगदीश तिर्की ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति दायित्व निभाने का अवसर है। उन्होंने शिविर में सक्रिय सहभागिता करते हुए स्वच्छता, जागरूकता और सामाजिक सेवा के कार्यों में योगदान देने की अपील की। विजय डनसेना महाविद्यालय सदस्य एने स्वामी विवेकानंद के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को प्रेरणा लेकर आत्मसात करते हुए समाज सेवा राष्ट्र विकास में योगदान देने की बात कही गई। इस अवसर पर रासेयो कार्यक्रम अधिकारी एसएल साहू ने शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत की तथा उन्हों ने शिविर 13 दिसंबर से 19 दिसंबर तक आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी।

# संस्कार में ब्रिलियंट जीके प्रतियोगिता, हजारों बच्चों ने की भागीदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



जिले की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था संस्कार पब्लिक स्कूल के द्वारा गुरूघासीदास जयंती के अवसर पर हर वर्ष करवाई जाने वाली ब्रिलियंट सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता रविवार को संस्कार स्कूल परिसर में संपन्न हुई।

संस्था के मार्गदर्शक रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि हर वर्ष गुरूघासीदास की जयंती के अवसर पर पहले या बाद के रविवार को पिछले 15 वर्षों से ब्रिलियंट सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता करवाई जाती रही है। इस वर्ष भी इस प्रतियोगिता में हजारों बच्चों ने सहभागिता की। प्रश्न पत्र का स्तर 2 वर्ग में था। कक्षा 5 से 8वीं तथा सीनियर वर्ग कक्षा 9वीं से 12वीं रहा। प्रश्न पत्र में पीएससी एवं यूपीएससी के तर्ज पर सामान्य ज्ञान के प्रश्न पूछे गए थे। वहीं आईआईटी एवं एमबीबीएस की परीक्षा के तर्ज पर ओएमआर शीट भरवाई गई ताकि बच्चे दोनों ही प्रकार के परीक्षाओं की जानकारी प्राप्त कर सकें। पालक देवेन्द्र सिंह ने कहा कि ऐसी परिक्षाओं से बच्चों का आत्म विश्वास बढ़ता है जो जीवन में बहुत काम आता है। पालक अधिवक्ता महेन्द्र यादव ने बताया कि संस्कार पब्लिक स्कूल बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न कार्यक्रम करवाती रहती है। जो कि काबिले तारीफ है। इसी की कड़ी है ब्रिलियंट सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता।

# निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में मिला 212 मरीजों को लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अघोर गुरु पीठ ट्रस्ट बनोरा की मुख्य शाखा रायगढ़ की इकाई औघड़ की मड़ई में 10 दिसंबर को आयोजित निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में 212 मरीजों को लाभ मिला। यह शिविर हर माह की 10 तारीख 20 तारीख 30 तारीख को आयोजित होता है। पूज्य बाबा प्रियदर्शी राम जी के निर्देशन में आम लोगों के जीवन को रोशन करने की दिशा में निरन्तर आयोजित होने वाले ये शिविर मिल का पत्थर साबित हो रहे है। मरीजों का नेत्र जांच डॉक्टर संदीप शर्मा द्वारा की गई। इस जांच के दौरान 134 मरीजों को निशुल्क चश्मा वितरण किया गया। वही 100 मरीजों को नेत्र सम्बन्धित ड्राप दिया गया।जांच के दौरान 32 मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण मिले जिन्हें चिकित्सकों द्वारा उचित परामर्श दिया गया। 52 मरीजों के चश्मा का नंबर प्रधान कार्यालय अघोर गुरू पीठ ब्रह्मनिष्ठालय बनोरा बनने के लिए भेज दिया गया जिनका वितरण 30 दिसंबर को आगामी नेत्र शिविर में किया जाएगा।

## सरिया क्षेत्र में फिर उठ रही शुगर फैक्ट्री की मांग

# ऑर्गेनिक गुड़ की मिठास से पहचान बना रहे सरिया के किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया



सरिया क्षेत्र कभी गन्ना उत्पादन के क्षेत्र में अव्वल था। एक समय था सरिया क्षेत्र की गन्ना से सरहदी प्रांत ओडिशा का पोन्नी शुगर फैक्ट्री संचालित होता था। आज इसकी विपरीत स्थिति से यहां गिने चुने कुछ क्षेत्रों में ही गन्ने का उत्पादन किया जाता है। इन सब के बावजूद एक ऐसा कृषक आज भी अपनी कड़ी, मेहनत, लगन के बल पर गन्ना उत्पादन कर उसे गुड़ के रूप में तब्दील कर लोगों तक पहुंचा रहे हैं।

खास है इस गुड की मिठाई जिसके कारण इसकी डिमांड बनी रहती है। दरअसल सारंगढ़ बिलाईगढ जिले के सरिया तहसील के अंतिम छोर पर बस एक छोटा सा गांव जयपुर तोरा निवासी चतुर प्रधान 55 वर्ष देशी गुड़ विगत 20 वर्षों से बनते आ रहे हैं। बताते हैं कि गुड़ गुणों की खान है। इसके गुणों को और निखार रहा है यहां के चतुर प्रधान। वह ऑर्गेनिक खेती करने से लेकर ऑर्गेनिक गुड़ तैयार करता है। इस आर्गेनिक गुड़ की काफी डिमांड है। मांग ज्यादा होने से गुड़ के लिए एडवांस में बुकिंग करवानी पड़ती है। उनके यहां देशी पद्धति से गुड़ बनाया जाता है। इसके लिए कोई भी केमिकल इस्तेमाल नहीं किया जाता। चतुर प्रधान पारिवारिक सदस्यों के साथ मिलकर गन्ने की फसल तैयार करने से लेकर देसी गुड़ बनाने में सब का सहयोग रहता है। यही कारण है की अच्छी क्वालिटी के गुड़ बनाते हैं। इनके द्वारा तैयार किया गया गुड़ अंचल में ही खपत हो जाता है। जो उनके गुड़ के बारे में जानते हैं। वह दूर-दूर से आकर ले जाते हैं। कोई दुकान नहीं कोई प्रचार प्रसार नहीं और गुड़ की मांग कितनी होती है की पूर्ति नहीं होती है। चतुर प्रधान बताते हैं कि गुड़ के शौकीन पूछते हैं की गुड़ कब मिलेगा। और जैसे ही गुड़ बनने की खबर लोगों को होती है। वह उनके फार्म हाउस में पहुंचकर गुड़ ले आते हैं। छत्तीसगढ़ के प्रमुख त्योहार छेरछेरा पुन्नी को लेकर किसानों से लेकर आम लोगों में गुड़ की मांग होती है।

किसान खेती किसानी पूरा कर अपने उपज बेचने के बाद छेरछेरा पुन्नी को उत्साह एवं उमंग के साथ मनाते हैं और इसमें गुड़ का विशेष योगदान रहता है। गुड़ के बिना छेरछेरा पुन्नी अधूरा माना जाता है। इसीलिए चतुर प्रधान का गुड़ अंचल में विख्यात है। विगत 20 वर्षों से चतुर प्रधान गुड़ का उत्पादन अपने फार्म हाउस में करता है। लोगों को शुद्ध गुड़ मुहैय्या करने का जुनून उनकी बातों में झलकता है। उनका कहना है कि गुड़ बनाना टेढ़ी खीर साबित हो रहा है। डीजल महंगा, मजदूर महंगी ऐसे में गुड़ बनाना टेढ़ी खीर के समान है। इसके बावजूद भी हम लोग खेती किसानी को ही अपना सब कुछ मानते हैं और परिवार के 12 सदस्यों में से आधे सदस्य गुड़ निर्माण में लग जाते हैं और यह हमारा आय का सबसे बड़ा साधन है। खेती किसानी से ही हम लोग आगे बढ़े हैं। कोई कहे की खेती किसानी नुकसान का कारोबार है तोए इसे मैं विश्वास नहीं करता। आज जो कुछ हूँ खेती किसानी एवं अपनी मेहनत लगन के बल पर हूं। इस कार्य में उसके पिता दूत प्रधान 80 वर्षए माता प्रेमशिला 70 वर्षए उनके भाई भुसका प्रधान 50 वर्ष का विशेष सहयोग एवं मार्गदर्शन है। जिसके कारण वह खेती किसानी के साथ उत्पादन में सफलता प्राप्त की है और एक उन्नत किसान के रूप में पहचाने जाते हैं। बता दें कि सरिया क्षेत्र में गन्ना उत्पादन लिए गन्ना का मूल्य नहीं मिलने के कारण एवं सरहदी प्रांत उड़ीसा में शुगर फैक्ट्री बंद होने के कारण किसान अब गन्ना उत्पादन नहीं कर रहे हैं। आंचलिक किसान संघ के सचिव नंदकिशोर विश्वाल ने बताया कि एक समय था कि सरिया में शुगर फैक्ट्री के लिए स्थल भी प्रस्तावित हो गया था और साल्हेओना ग्राम का चयन किया गया था।

